# प्रैस विज्ञप्ति

## शिमला 20 अक्तूबर 2014 उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश

"अन्तराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस" आयोजन के अर्न्तगत आज दिनांक 20 अक्तूबर 2014 को शिक्षा निदेशालय के प्रांगण में आपदा प्रबन्धन पर अभ्यास ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में आपदा प्रबन्धन के नोडल अधिकारी एवम् संयुक्त शिक्षा निदेशक (महाविद्यालय), हिमाचल प्रदेश डा0 अमर देव ने निदेशालय में कार्यरत सभी अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए इस बात पर बल दिया कि हमें ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन बार–बार करके सभी को जागरूक करने की आवयश्कता है जिससे आपदा के समय होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति को कम किया जा सके।

इस अभ्यास ड्रिल में अग्निशामक विभाग में मण्डलीय अधिकारी श्री डी0डी शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि आग को चार प्रकार की श्रेणियों में रखा जाता है तथा हर प्रकार की आग से बचने के लिए अलग–अलग सावधानियां रखने के बारे में जागरूक किया। अग्नि विभाग के श्री संजीव कुमार तथा उनकी टीम ने विभिन्न प्रकार क्री आग को अलग–अलग अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करके अभ्यास ड्रिल करवाई तथा इन यंत्रों को प्रयोग करने का प्रशिक्षण प्रदान किया। अभ्यास ड्रिल में उच्चतर शिक्षा व प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालयों के अधिकारियों ने भाग लिया

(डा0 अमर देव)
नोडल अधिकारी आपदा प्रवन्धन व
स0शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश

पृष्ठाकंन संख्या शिक्षा–उ0शि0(21)01 / 2014 प्रैस विज्ञप्ति दिनांकः
प्रतिलिपिः–

1 निदेशक, आकाशवाणी / दूरदर्शन, हिमाचल प्रदेश, शिमला–3।
2 संम्पादक, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, दिव्य हिमाचल, पंजाब केसरी, हिन्दुस्तान टाईमज, द ट्रिब्यून, दैनिक जागरण।
3 तकनीकी अधिकारी, कम्पयूटर कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश से अनुरोध है कि इसकी प्रति को विभागिय वैबसाईट पर अपलोड करें।
4 रक्षक नस्ति।

स0शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश